दिनांक : 20.04.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

नाम निर्देशन पत्र

लोकसभा निर्वाचन–2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया कल सम्पन्न हो गई। तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र के अंतिम दिन कल 61 अभ्यर्थियों ने 99 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। तीसरे चरण में कुल 144 अभ्यर्थियों द्वारा 223 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। आज नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जा रही है। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए 7 मई को मतदान होगा। वहीं चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन–पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन–पत्र के दूसरे दिन कल 4 अभ्यर्थियों ने 4 नाम निर्देशन–पत्र प्रस्तुत किये। अब तक 11 अभ्यर्थियों द्वारा 16 नाम निर्देशन–पत्र दाखिल किये जा चुके है। नाम निर्देशन–पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल है। 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 29 अप्रैल तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। चौथे चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुये मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

....

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है.. इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

....

जनसंपर्क दिवस

पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के भोपाल चैप्टर द्वारा कल 21 अप्रैल को आयोजित राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक जी.एस.वाधवा को लोक संपर्क सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में "सनातन मूल्य और उभरता भारत : जनसंपर्क के परिप्रेक्ष्य में" विषय पर विशेष व्याख्यान का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पत्रकारिता मीडिया, टी.वी. मीडिया और कार्पोरेट मीडिया में कार्यरत महिला पत्रकारों, टी.वी. एंकरों और जनसंपर्क प्रोफेशनल्स को अचला और उदिता सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

....

प्रोत्साहन राशि

इन्दौर जिले की सीमा अंतर्गत खुले हुए नलकूप या बोरवेल की सूचना देने वाले को 10 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जनमानस की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा इस संबंध में सार्वजनिक सूचना जारी की गई है। नलकूप या बोरवेलों में पानी सुख जाने पर इन्हें संबंधित मकान मालिक, किसान, संस्था द्वारा बिना ढक्कन लगाए खुला छोड़ दिया जाता है। जिससे खुले नलकूपों में छोटे बच्चों के गिरने की आशंका बनी रहती है एवं कानून एवं शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

....

भाजपा सदस्यता

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस के शिवपुरी से पूर्व विधायक हरिवल्लभ शुक्ला, मध्य प्रदेश कांग्रेस सिंधी कल्याण समिति के पूर्व प्रदेश महामंत्री महेश गुरबाणी, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव कमल सिंह रघुवंशी सहित कई कांग्रेस पार्षद, सरपंच–उपसरपंच और 100 से अधिक कांग्रेस पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

....

मौसम

प्रदेश में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद फिर गर्मी का असर शुरु हो गया हैं। दिनभर तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। हॉलांकि मौसम विभाग ने राज्य में अगले 3 दिनों में इंदौर,जबलपुर सहित 19 जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। आंधी के सथ बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 21 से 23 अप्रेल तक प्रदेश में पश्चिमी विछोभ का असर रहेगा। इसके चलते बूंदाबादी और आंधी का दौर रहेगा। 21 अप्रेल कोइंदौर,देवास,खरगोन,खंडवा,बुरहानपुर,हरदा,नर्मदापुरम,बैतूल,छिंदवाड़ा, पांढुर्ना,नरसिंहपुर,जबलपुर,सिवनी,मंडला कटनी, उमरिया,डिंडोरी, शहडोल, और अपूपपुर जिलों में बारिश के आसार है। 22 अप्रेल को नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, सिवनी,मंडला, बालाघाट,डिंडोरी और अनूपपुर में बारिश हो सकती है। जबकि 23 अप्रेल को सिवनी,मंडला और बालाघाट जिलों में बारिश होने की संभावना है।

....